# तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एल0 डबलू0 एम0) के प्रचालन एवं रख रखाव व्यवस्था का संक्षिप्त विवरण
# जनपद सहारनपुर

**तरल अपशिष्ट प्रबंधन**– तरल अपशिष्ट प्रबंधन, योजना के मुख्य घटको मे से एक घटक है। गाँव को स्वच्छ बनाने के लिए यह आवश्यक है कि आई0ई0सी0 सम्बन्धी गतिविधियों में तरल अपशिष्ट प्रबन्धन पर ध्यान केंद्रित किया जाए, ताकि आबादी के बीच तरल अपशिष्ट प्रबन्धन की आवश्यकता के प्रति जागरुकता पैदा की जा सके। तरल अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु समुदाय/ग्राम पंचायत को आगे आने और ऐसे तंत्र की माँग करने के लिए प्रेरित करना होगा, जिसका उन्हें बाद में संचालन एवं अनुश्रवण करना है। ग्राम पंचायत को स्वच्छ बनाए जाने हेतु प्रत्येक परिवार को एल0 डब्ल्यु0एम0 के कार्यों से जोड़ा जायेगा जिससे ग्राम पंचायतों में जल भराव व ग्रे वाटर से मुक्त करने, ग्राम पंचायतों को ओ0डी0एफ0 प्लस की निरन्तरता बनाए जाने का कार्य किया जा रहा है।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामेण फेस 2 अंतर्गत तरल अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु ग्राम पंचायतों में सोख्ते गड्ढे,यू–टाईप नाली, सिल्ट कैचर, फिल्टर चैम्बर इत्यादि का निर्माण किया गया है जिन्हें समय –समय पर सफाई कर्मी व ग्राम पंचायत निधि से साफ कराया जाता है।